कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)
मई 2021 माह का सारांश

माह के महत्वपूर्ण कार्य इस प्रकार हैं:

1. **विशेष कार्यक्रम 'कोविड योद्‌धाओं के लिए अनुकूलित क्रैश कोर्स कार्यक्रम'**-कोविड-19 ने हमारी स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था को अप्रत्याशित संकट में डाल दिया है। मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल मानव संसाधनों के बोझ को कम करने और देश भर में समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कुशल स्वास्थ्य कर्मियों की आवश्यकता है। इसके लिए, एमएसडीई कोविड-19 योद्‌धाओं के कौशलीकरण के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू कर रहा है जिसमें निम्नलिखित घटक शामिल हैं, (क) अग्रिम पंक्ति के कर्मियों से संबंधित छह जॉब रोलों में लगभग एक लाख युवाओं के लिए विशेष क्रेश कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों का अनुकूलित कौशलीकरण/कौशल उन्नयन। इसके संबंध में 17 मई, 2021 को अनौपचारिक जीओएम के समक्ष एक प्रस्तुतीकरण दिया गया था, जिसमें इस प्रस्ताव पर सहमति दी गई। (ख) एनएसडीसी और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र कौशल परिषद के माध्यम से तरल चिकित्सा ऑक्सीजन (एलएमओ) टैंकर चलाने के लिए 2400 भारी वाहन चालकों का प्रशिक्षण और (ग) ऑक्सीजन संयंत्रों, मिनी ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और मेडिकल वेंटिलेटर के संचालन और रखरखाव के लिए जिलों में त्वरित अनुरक्षण दल (क्यूएमटी) के गठन के लिए लगभग 15000 आईटीआई स्नातकों का प्रशिक्षण।

2. **शिक्षुता अधिनियम, 1961 में संशोधन**: एमएसडीई ने शिक्षुता अधिनियम, 1961 में प्रस्तावित संशोधनों संबंधी अवधारणा नोट को एमएसडीई की वेबसाइट और MyGov पोर्टल पर अपलोड करके पर इस पर सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित कीं गई थीं। इस अधिनियम में संशोधन के लिए विधेयक का प्रारूप तैयार करने के दौरान प्राप्त सुझावों की जांच की गई और इस पर विचार किया गया।

3. **जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) स्कीम का विस्तार**: मंत्रालय मौजूदा 248 जिलों, जहां यह स्कीम चल रही है उसके अतिरिक्त देश के अन्य 83 जिलों में जेएसएस कार्यक्रम का विस्तार कर रहा है। मूल्यांकन के तीन चरणों की प्रक्रिया यानी तकनीकी मूल्यांकन, प्रस्तुतीकरण और स्थलीय निरीक्षण के बाद 83 नए जिलों में भागीदार गैर-सरकारी संगठनों का चयन पूरा कर लिया गया है और मंत्रालय ने देश के 76 जिलों में जेएसएस के आवंटन के लिए उपयुक्त गैर-सरकारी संगठनों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है, शेष सात जिलों के लिए कोई उपयुक्त आवेदक नहीं मिला है।

4. **भारतीय कौशल संस्थान**: कानपुर में भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस कानपुर) की स्थापना, संचालन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए प्रचालन भागीदार के चयन के लिए आरएफपी को 27.05.2021 को सीपीपीपी पोर्टल पर प्रकाशित किया गया।

5. **राष्ट्रीय कौशल संस्थान, वाराणसी**: वाराणसी, उत्तर प्रदेश में कौशकीकरण के लिए सिंगापुर पॉलिटेक्निक शैली की राष्ट्रीय संस्था की स्थापना के लिए संचालन समिति का गठन किया गया। विश्वविद्यालयों/संस्थानों की स्थापना कैसे की गई, उनके कामकाज, कौशल इकोसिस्टम में प्रासंगिकता, उनके सामने आ रही चुनौतियां आदि को समझने के लिए निजी और राज्य सरकार के क्षेत्रों में कार्यरत विभिन्न कौशल विश्वविद्यालयों के शीर्ष प्रबंधन और टाटा आईआईएस के साथ आभासी परामर्शी बैठकें हुईं।

6. **राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति**: एनसीवीईटी के तहत राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की 8वीं बैठक 27 मई, 2021 को सचिव एमएसडीई और एनसीवीईटी के अध्यक्ष की संयुक्त अध्यक्षता में हुई जिसमें 96 अर्हताओं को अनुमोदन के लिए रखा गया था। समिति ने 59 अर्हताओं को अनुमोदित किया और 24 अर्हताओं को सशर्त अनुमोदित किया गया, जबकि 13 अर्हताएं जमा करने वाले निकायों को वापस कर दी गईं। इसके साथ ही एनएसक्यूएफ के साथ कुल 4296 अर्हताओं को संरेखित किया गया है। इसके अलावा, 'कोविड योद्धाओं के लिए अनुकूलित क्रैश कोर्स कार्यक्रम' की आवश्यकता के लिए समिति ने महामारी की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रशिक्षित जनशक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए हेल्थकेयर क्षेत्र कौशल परिषद (एचएसएससी) द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए विकसित छह कोविड विशिष्ट क्रैश पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनओएस) आधारित अनुमोदन भी प्रदान किया।

7. **आपदा प्रबंधन योजना**: मंत्रालय की आपदा प्रबंधन योजना 21-05-2021 को एनडीएमए के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। इसे एनडीएमए ने मामूली सुझावों के साथ स्वीकार कर लिया।

8. **कौशलाचार्य पुरस्कार**: पांच सितंबर को व्यावसायिक क्षेत्र के शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए विभिन्न श्रेणियों में कौशलाचार्य पुरस्कारों के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए थे।

9. **भारतीय कौशल विकास सेवा (आईएसडीएस):** आईएसडीएस परिवीक्षार्थियों के प्रशिक्षण के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दस्तावेज तैयार किया गया है।

10. **मॉडल आईटीआई:** मौजूदा 29 मॉडल आईटीआई के अलावा सात अतिरिक्त आईटीआई को मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नत करने के लिए चुना गया है।

11. **संसद टीवी के साथ साझेदारी**: एक अवधि में प्रसारित होने वाली सतत श्रृंखला के रूप में कौशल क्षेत्र में उपलब्धियों और अवसरों को उजागर करने के लिए संसद टीवी के साथ साझेदारी के बारे में संगठन के साथ एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई।

****